Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
Discount Code TBC10
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
Mo. 8130640000

**Year**-14 **Issue**- 25
Ghaziabad, Sunday, 20 November- 2022

20 November to 27 November- 2022

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mo.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपीएवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

## रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन ने टीबी के मरीजों को बांटा पुष्टाहार

### टीबी के मरीजों को बांटी पौष्टिक आहार किट, छह माह तक मिलेगा निशुल्क पुष्टाहार






**गाजियाबाद।** नोएडा एक्सटेंशन यथार्थ हॉस्पिटल के पास बिसरख स्वास्थ्य केंद्र पर रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में गुरुवार को टीबी के मरीजों को पुष्टाहार किट बांटी। यहां 50 बच्चों को पोषाहार बांटकर बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को पुष्टाहार किट में जैसे हॉर्लिक्स, दाल, चना, दलिया, सोयाबीन, गुड, प्रोटीन और अन्य पौष्टिक आहार किट बांटी गई । इससे पहले बतौर चीफ गेस्ट पीडीजी रो जेके गौड़, आईपीडीजी रो अशोक अग्रवाल और आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने शिविर की शुरूआत की। पीडीजी रो जेके गौड़ ने कहा कि उन्हें उपलब्ध कराया गया पुष्टाहार उच्च प्रोटीन युक्त है।

इसके सेवन से उन्हें टीबी के खिलाफ लड़ाई में मदद मिलेगी। इसके अलावा क्षय रोगियों को नियमित रूप से दवा खाते रहने और अपने सभी परिजनों की टीबी जांच कराने के लिए प्रेरित किया। आईपीडीजी रो अशोक अग्रवाल ने भी टीबी रोगियों को समय से दवाई लेने के लिए प्रेरित किया। संस्था टीबी से ग्रसित बच्चों के लिए सराहनीय कार्य कर रही है और दूसरी संस्थाओं को भी आगे बढ़कर इसी तरह अपना योगदान देना चाहिए।

**शेष खबर पेज आठ पर......**



1– पीएम मोदी ने देश को टीबी रोग से मुक्त करने के लिए मार्च 2025 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको हर संभव प्रयास कर पूरा किया जाएगा। टीबी के मरीजों को चिन्हित कर आगे भी पौष्टिक आहार किट बांटने का अभियान जारी रहेगा।

**डॉ धीरज कुमार भार्गव, फाउंडर, आरएचएएम फाउंडेशन**



टीबी की जांच और उपचार की सुविधा पूरी तरह से निशुल्क उपलब्ध है। फेफड़ों की टीबी एक संक्रामक रोग है जो सांस के जरिए एक से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इसलिए क्षय रोगी अपने परिजनों की टीबी जांच अवश्य कराएं और पौष्टिक आहार किट को फायदा उठाएं।

**रो मनीषा भार्गव, अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर**



रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन की ओर टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार किट बांटने अभियान चलाया जा रहा है। इससे मरीजों में बीमारी के प्रति जागरूकता आ रही है। पौष्टिक आहार के नियमित सेवन से टीबी की बीमारी को आसानी से हराया जा सकता है।

**रो कुनिका भार्गव, अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन**



तपेदिक या टीबी आमतौर पर एमटीबी जीवाणु (माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस) के कारण होता है और यह बहुत धीरे–धीरे बढ़ता है, जिससे यह संक्रमण पैदा करता है जो जीवन भर रह सकता है। इसलिए टीबी के मरीजों को चिकित्सकों से परामर्श के साथ ही पुष्टाहार उच्च प्रोटीन युक्त आहार की जरूरत होती है।

**रो अशोक अग्रवाल, आईपीडीजी**

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के 24 वें वैवाहिक परिचय सम्मेलन में 550 जोड़ों ने कराया पंजीकरण




**गाजियाबाद।** लोहिया नगर के अग्रसेन भवन के पास अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का 24वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन सुबह करीब आठ बजे हवन हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल दत्त शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर सम्मेलन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि वैवाहिक परिचय सम्मेलन आज के समय की जरूरत बन चुका है। वैवाहिक परिचय सम्मेलन से सुयोग्य वर तो मिलता ही है इसके साथ ही समाज में फैल रही दहेज जैसी सामाजिक कुरीति पर भी अंकुश लग जाता है। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन कर समाज के भीतर एक पुनीत कार्य कर रही है। इससे समाज को मजबूती भी मिल रही है। प्रदेश के पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा इस बार 24वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन करा रही है। संस्था का यह कार्य बहुत ही पुनीत और सराहनीय है। संस्था के प्रयास के कारण ही हजारों युवक-युवतियों को सुयोग्य वर मिल चुके हैं और आज वे सब एक सुखद दामपत्य जीवन बीता रहे हैं।

सेवानिवृत जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीके शर्मा ने सम्मेलन के लिए संदेश भेजा जिसमें उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक के लिए बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि देश भर के युवाओं का आयोजन में भाग लेना इस बात का संकेत है कि वैवाहिक परिचय सम्मेलन से युवक-युवतियों के लिए एक सुयोग्य वर-वधु की तलाश पूरी हो रही है। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा 23 वैवाहिक परिचय सम्मेलन में हजारों युवक और युवतियों के विवाह करा चुकी और सभी सुखहाल जीवन जी रहें हैं।

संस्था के मुख्य संरक्षक पंडित जेके गौड़ ने कहा इस बार के कार्यक्रम को लेकर युवाओं में काफी क्रेज देखा गया और इसी का परिणाम था कि वैवाहिक परिचय सम्मेलन के पंजीकरण की तिथि आगे बढ़ानी पड़ी। 24वें वैवाहिक परिचय सम्मेलन के लिए देश भर से 550 युवाओं ने शादी के लिए अपना पंजीकरण कराया है।

इन सभी के नाम पत्रिका में प्रकाशित किए जा रहें हैं। विवाह के लिए पंजीकरण कराने वाले सभी युवाओं और उनके अभिभावकों के लिए खाने-पीने और ठहरने की पूरी व्यवस्था संस्था की ओर से उठाई गई है। रविवार को सम्मान समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। समाज में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही संस्था की पत्रिका का विमोचन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीताम्बर शर्मा ने की।

**शेष खबर पेज आठ पर......**

## 27 नवंबर को माता की चौकी का आयोजन

**गाजियाबाद।** तिरुपति बालाजी एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग की ओर से 27 नवंबर को माता की चौकी का आयोजन किया जाएगा। वसुंधरा सेक्टर– 12 फ्रेंडस को–ऑपरेटिव सोसायटी निवासी डा धीरज कुमार भार्गव और मनीषा भार्गव ने अपने पुत्र प्रतीक भार्गव और पुत्री कुनिका भार्गव के विवाह के उपलक्ष्य में माता की चौकी का कार्यक्रम रखा है। यह कार्यक्रम 27 नवंबर को वसुंधरा सेक्टर– 13 मुकुट रीजेंसी, सीसी– 1 वसुंधरा हाट के पास होगा। विधिवत पूजा अर्चना के साथ माता की चौकी के आयोजन में ज्योति प्रचंड शाम 4 बजे होगी और रात्रि 8 बजे प्रसाद का वितरण किया जाएगा। भार्गव फैमिली की ओर से विजया, नीरज भार्गव, प्रतीक भार्गव, कुनिका भार्गव, विश एवं तान्या भार्गव आदि मौजूद रहेंगे।

# ट्रेन ऑपरेटरों को वास्तविक समय और स्थिति में ट्रेन चलाने का प्रशिक्षण

**गाजियाबाद।** दुहाई तक 17 किमी लंबे प्राथमिकता खंड पर मुख्य ट्रायल रन से पहले ट्रेन ऑपरेटर वर्चुअल ट्रैक पर रैपिड रेल दौड़ा रहे हैं। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) की ओर से ट्रेन ऑपरेटरों को वास्तविक समय और स्थिति में ट्रेन चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए दुहाई डिपो में आधुनिक उपकरणों से युक्त यूनिक सिमुलेटर रूम (वर्चुअल रूम) स्थापित किया गया है। वर्चुअल प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ट्रेन ऑपरेटरों को सिलसिलेवार दूसरे चरण में दुहाई डिपो में 700 मीटर लंबे ट्रैक पर छह कोच की दोनों रैपिड रेल को



चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। एनसीआरटीसी की ओर से रैपिड रेल के संचालन और रखरखाव का जिम्मा जर्मनी की राष्ट्रीय रेलवे डॉयचे बान एजी की सहायक कंपनी डीबी इंडिया को 12 सालों के लिए दिया गया है। ऐसे में वर्चुअल प्रशिक्षण डीबी इंडिया के अधिकारियों की निगरानी में दिया जा रहा है। साहिबाबाद से दुहाई तक पहले खंड पर मार्च 2023 तो दिल्ली से मेरठ तक पूरे कॉरिडोर पर 2025 से रैपिड रेल का संचालन शुरू होगा। प्राथमिकता खंड में शुरूआत में 13 रैपिड रेल का संचालन होगा। दुहाई डिपो के यार्ड में भी 13 ट्रेनों को खड़ा करने की व्यवस्था है। ऐसे में प्रथम खंड में ट्रेन ऑपरेटर 13 और पूरे कॉरिडोर में 30 रैपिड रेल दौड़ाएंगे। बाकी 17 रैपिड रेल को खड़ा करने के लिए मेरठ के मोदीपुरम में यार्ड का निर्माण तेज गति से जारी है। रैपिड रेल की गति अधिकतम 180 किमी और न्यूनतम 100 किमी प्रति घंटा है। पहले खंड में यात्रियों को 10 से 15 मिनट और पूरा कॉरिडोर शुरू होने पर यात्रियों को हर पांच से 10 मिनट के अंदर रेल मिलेगी। दुहाई डिपो में 700 मीटर लंबे ट्रायल रनिंग ट्रैक पर दोनों ट्रेनों के लगातार तकनीकी परीक्षण हो रहे हैं। रनिंग ट्रैक के अलावा यार्ड में 12 अन्य ट्रैक का 90 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। रनिंग ट्रैक पर 880 ग्रेड की उच्च क्षमता की पटरियों को बिछाया गया है। डिपो में स्टैंडर्ड गेज की तीन निरीक्षण और दो वर्कशॉप लाइनों का काम अंतिम चरण में है। दुहाई डिपो में रैपिड रेल का मुख्य कंट्रोल और बैकअप ऑपरेशनल सेंटर होगा। कॉरिडोर की सभी गतिविधियों की निगरानी डिपो से होगी।

# ब्राइट पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन

**गाजियाबाद।** ब्राइट फ्यूचर एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा ब्राइट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में ह्लबाल दिवसह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष शिक्षाविद राम दुलार यादव रहे। अतिथि शिक्षाविद राम दुलार यादव ने पं0 जवाहर लाल नेहरू द्वारा लिखित ह्लइतिहास के महापुरुषह्व पुस्तक संस्था के चेयरमैन को भेंट की। शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ब्रिटिश शासन से भारत को मुक्त कराने में अपार कष्ट झेला, जेल गये, उन्हे अध्ययन करने की लगन थी, जेल में ही उन्होने कई अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुस्तकें लिखी, वह बच्चों से बहुत प्यार करते थे, मौका पाते ही बच्चे को गोंद में उठा लेते थे, बच्चे भी प्यार से उन्हे चाचा नेहरू कहते थे, वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे, आजादी के बाद भारत के प्रधानमंत्री रहते उन्होने देश और देशवासियों के कल्याण के लिए योजना आयोग का गठन किया, वह देश मे संपन्नता, समृद्धि लाने के लिए प्रतिवद्ध रहे,




अंतिम सांस तक उन्होने रात-दिन जन-कल्याण का कार्य किया, वे धर्मनिरपेक्षता, समवेशी समाज बनाने के पक्षधर थे, उन्होने भारत के नव निर्माण में अपनी पूरी शक्ति लगा दी, वह सफल भी हुए, आज देश उनकी बनाई गयी व्यवस्था से लाभान्वित हो रहा है, वह युग द्दष्टा थे, उन्होने जो सपना देखा उसे पूरा करने में अपनी ताकत लगा दी, हमे उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से शिक्षा लेना चाहिए, देश की एकता और विकास में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल सभी विद्वानों,छात्र, छात्राओं, अविभावकों को बाल दिवस पर हार्दिक बधाई दी इस मौके पर नन्हें, मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जन-समूह का मन मोह लिया। भारत माता की जय, चाचा नेहरू अमर रहे के नारों से स्कूल प्रांगण गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। इस मौके पर राजीव गर्ग, श्रीमति ज्योत्सना गर्ग, राजेश दुवा, मोनिका शर्मा, मोना, रश्मि, प्राति, अपेक्षा, मही, अनुष्का, साक्षी, रिद्धी, सिद्धि, सेजल, सूर्यान्स, चाहत आदि मौजूद रहें।

# चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ दी तहरीर

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र के प्रताप विहार में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बुधवार को सीबीआइ के सिपाही की गर्दन कट गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उनकी गर्दन में 20 टांके आए हैं। मामले में सीबीआइ अकादमी के सीओ नरेंद्र सिंह ने विजयनगर थाने में तहरीर देकर चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।नरेंद्र सिंह का कहना है कि सीबीआइ अकादमी में सिपाही गौरव अरोड़ा हैं। बुधवार को गौरव गाजियाबाद से ड्यूटी करने के लिए सीबीआइ मुख्यालय सीजीओ नई दिल्ली गए थे। वहां से बाइक से वापस लौटते समय शाम के करीब पांच बजे बजे प्रताप विहार में हाईवे के पास गौरव चाइनीज मांझे की



चपेट में आ गए और उनकी गर्दन कट गई। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां उन्हें 20 टांके आए हैं। सीओ ने तहरीर देते हुए चाइनीज मांझा इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाने की मांग की है। विजयनगर थाना प्रभारी अनीता चौहान का कहना है कि मामले में घायल सिपाही से बात कर आगे की कार्रवाई कीजाएगी।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर उतार-चढ़ाव के लिए लूप बनाने की रखी मांग



**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे के पांचवे चरण को जोड़ने वाले निमार्णाधीन मार्ग में मोहिउद्दीनपुर- खरखौदा रोड पर उतार चढ़ाव की मांग को लेकर सोमवार को चुड़ियाला गांव में एक महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में आसपास के दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कृषक इंटर कॉलेज में आयोजित महापंचायत में किसानों ने एकमत से निमार्णाधीन मार्ग पर उतार-चढ़ाव की मांग की। महापंचायत का संचालन कर रहें प्रधान अमित बैंसला ने बताया कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए मेरठ जनपद के हापुड़ मार्ग स्थित लोहिया नगर से भोजपुर क्षेत्र के भटजन प्लौता गांव तक करीब 15 किमी लंबा मार्ग बनाया जा रहा है। यह मार्ग लगभग पचास से अधिक गांवों के समीप से गुजर रहा है। इस मार्ग पर कोई कट नहीं है। इससे क्षेत्र की जनता को कोई लाभ नहीं मिलेगा। उन्होने निमार्णाधीन इस मार्ग पर मोहिउद्दीनपुर- खरखौदा रोड पर उतार-चढ़ाव की मांग की। महापंचायत में गाजियाबाद के अलावा मेरठ जनपद के दर्जनों गांवों से पहुंचे किसानों ने एकमत से उतार-चढ़ाव देने की मांग की। महापंचायत की अध्यक्षता ओमवीर सिंह ने की। महापंचायत में गाजियाबाद और मेरठ के जिलाअधिकारी तथा सांसद सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने की निर्णय लिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह आंदोलन छेडेंगे। इस अवसर पर प्रधान पप्पू, प्रधान उदयवीर सिंह, प्रधान ब्रजभूषण,प्रधान राजसिंह, प्रधान अश्वनी बैंसला, प्रधान अमरजीत सिंह, प्रधान राजेश कुमार, नरेंद्र बसंल तथा जयवीर पहलवान आदि सहित सैकड़ों मौजूद रहे।

## ड्राइंग कॉम्पटीशन का आयोजन




**गाजियाबाद।** खुशी फाउंडेशन स्माइल फॉर एवर और डू गुड फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से वैशाली सेक्टर 6 में ड्राइंग कॉम्पटीशन का आयोजन किया। इसमें बच्चों ने कई प्रकार की रोचक आकृतियां कागजों पर उकेरी। आयोजक संस्था डू गुड फाउंडेशन की कर्ताधर्ता डॉ गीता गंगोत्री कई वर्षों से स्कूल से वंचित कामगारों के बच्चों को स्कूली शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें निशुल्क कक्षाएं देती हैं। वहीं दिल्ली की खुशी फाउंडेशन की अनिता बसु के मुताबिक उनकी संस्था बच्चों और वृद्ध जनों के लिये स्माइल फॉर एवर मिशन के अंतर्गत उनके बीच सामूहिक संगीत गीत के कार्यक्रम आयोजित करती हैं। स्कूल से वंचित होते हुए भी सामाजिक संस्थाओं ने जिन्हें सपनो में रंग भरना सिखाने का बीड़ा उठाया हुआ है।

# स्वास्थ्य शिविर में 467 मरीजों ने कराई स्वास्थ्य की जांच

**गाजियाबाद।** मुरादनगर के खिमावती गांव में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 467 मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा 47 लोगों ने रक्तदान किया। ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी की ओर से खिमावती गांव में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की और से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर रक्त दान शिविर व आंखों की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर का समापन करते हुए सांसद अनिल अग्रवाल व विधायक अजीत पल त्यागी ० भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि रक्तदान महान दान है।

## रक्तदान से बचेगी जान

कहा की एक व्यक्ति रक्तदान कर 4 लोगों की जान बचाने का काम करता है। विधायक अजीतपाल त्यागी ने कहा कि खिमावती गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर ० वरदान हॉस्पिटल



की तरफ से गांव के लोगों के नेत्रों की जांच की गई। यह एक सराहनीय कदम है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भवतोष संकधर ने भी स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में 467 मरीजों की जांच की गयी। अधिकांश खासी जुखाम के मरीज थे व ब्लड प्रेशर ०शुगर की भी जांच की गई। डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि रक्तदान में 47 लोगों ने रक्तदान किया। ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी ने मुख्य अतिथि सांसद अनिल अग्रवाल, विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

# देखरेख के अभाव में एफओबी बदहाल, सुविधाएं नदारद होने से लोगों के लिए यूजलेस

**गाजियाबाद।** नगर निगम की तरफ से ट्रांस हिंडन एरिया में पीपीपी मॉडल पर बनाए गए फुट ओवरब्रिज (एफओबी) देखरेख के अभाव में बदहाल होने लगे हैं। कंपनी से अनुबंध के मुताबिक एफओबी में लोगों को किसी तरह की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

साढे. चार साल बाद भी किसी भी एफओबी में एस्केलेटर, लिफ्ट, लाइट और जनरेटर नहीं है। हालांकि कुछ जगहों पर कंपनी विज्ञापन के जरिए एफबोबी से मोटी कमाई कर रही हैं। लेकिन सुविधा मुहैया कराने की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। वैशाली, वसुंधरा और मोहन नगर के लोगों ने कई बार निगम को पत्र लिखकर एफओबी में सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की, लेकिन किसी भी स्तर पर सुनवाई नहीं हो रही है। हालांकि कई बार निगम की बोर्ड बैठक में एफओबी का मामला उठता है, लेकिन फिर ठंडे बस्ते में चला जाता है।




### साहिबाबाद मंडी

नवीन फल व सब्जी मंडी के सामने वसुंधरा सेक्टर-10 के पास बने एफओबी की जीने की तरफ से छत गायब है। सीढ़ियों की रंगाई पुताई ढंग से नहीं होने के कारण जंग लग गया है। जिससे धीरे-धीरे सीढ़िया टूटने लगी हैं। स्थानीय निवासी आरके गुप्ता ने बताया कि मुख्य सड़क पर सुबह-शाम वाहनों का दबाव रहता है। इसके बावजूद लोग सड़क पार करने के लिए एफओबी का इस्तेमाल नहीं करते हैं। वहीं, कौशांबी में भी एफओबी बना है। लेकिन एफओबी की ऊंचाई अधिक होने से लोगों को जीने पर चढ़ते समय परेशानी होती है। सीनियर सिटीजन आरके मित्तल ने बताया कि बुजुर्ग व बच्चों को एफओबी पर चढ़ते समय सांस फूलती है। जिस उद्देश्य से एफओबी बनाया गया था उसका लोगों को कोई भी लाभ नहीं मिला है।

### मोहन नगर

मोहन नगर के पास पार्श्वनाथ सोसायटी के लोगों की मांग पर एफओबी बनाया गया था। लंबे समय बाद भी लोगों को इसमें कोई सुविधा नहीं मिल रही है। सोसायटी के सामने 24 घंटे वाहनों का दबाव रहता है। निगम के एफओबी बनाने वाली कंपनी से अनुबंध के मुताबिक, करीब 3 साल पहले एफओबी पर एस्केलेटर और लिफ्ट लगाई जानी थी, लेकिन सुविधाओं की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। सोसायटी में रहने वाले मुन्ना सिंह ने बताया कि एफओबी की छत गायब है और रात के समय प्रकाश की भी कोई व्यवस्था नहीं है। लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार शिकायत के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर सड़क पार करने के लिए मजबूर हैं।



एफओबी के संबंध में शिकायत मिली हैं। एफओबी में अनुबंध की शर्तो का पालन नहीं हुआ है इसके लिए फर्म के मालिक से जवाब तलब किया जाएगा। जहां नियमों को ताक पर रखकर विज्ञापन लगाए गए हैं उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**डा नितिन गौड़, नगर आयुक्त**

### वैशाली

सेक्टर-4 की लाल बत्ती के पास एफओबी काफी बदहाल स्थिति में है। लंबे समय से लोग इसका इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। रात के समय एफओबी की छत पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है।

देखरेख के अभाव में एफओबी के जीने के ऊपर काफी गंदगी भी जमा हो गई है। कई जगह पर ईट बिखरी हुई हैं। स्थानीय निवासी धीरज कुमार ने बताया कि भीतर की तरफ से एफओबी काफी गंदा हो गया है। लोहे में जंग लगने से जीना टूटने लगा है। संबंधित कंपनी और निगम एफओबी की देखभाल ढंग से नहीं कर रहे हैं। वहीं, एक पॉइंट पर एफओबी के भीतर कुछ लोगों ने रात को सोने का ठिकाना बना लिया है। कुछ बेसहारा लोग इसमें रात के समय चारपाई डालकर सोते हैं।

### बोर्ड बैठक में उठाया मामला नहीं हो सका सुधार

विज्ञापन का काम संभालने वाली फर्म एफओबी से कमाई कर रही है। अनुबंध के मुताबिक, सभी शर्तों का पालन होना चाहिए, लेकिन आज तक संबंधित फर्म ने लोगों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई हैं। आरोप है कि निगम की बोर्ड बैठक में कई बार यह मुद्दा उठाया गया है, लेकिन फर्म के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी। लोगों ने मेयर व नगर आयुक्त को भी शिकायती पत्र भेजा है। वसुंधरा के पार्षद ने बताया कि अनुबंध के मुताबिक लोगों को एफओबी के भीतर स्वचालित सीढ़ियां, प्रकाश की व्यवस्था, छत कवर, रैंप की व्यवस्था और साफ-सफाई मिलनी चाहिए। लेकिन लोगों को मिलने वाली सुविधाएं नदारद हैं।

## भारत नैशनल ओपन रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में अनामिका यादव ने नैशनल में जीता गोल्ड



**गाजियाबाद।** भारत नैशनल ओपन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में स्केटर्स ने पदक जीत कर अपने ज़िले का नाम रोशन किया। भारत नैशनल ओपन रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में ई वन स्पोर्ट्स अकैडमी इंदिरपुरम की अनामिका यादव ने स्वर्ण पदक जीता है। वही, शिवम् यादव ने स्वर्ण पदक ओर अदविक सिंह ने एक रजत पदक जीतकर अपने माता पिता ओर अपने ज़िले का नाम रोशन किया। चैम्पियनशिप का आयोजन दिल्ली के पूर्वी दिल्ली खेल परिसर में 13 नवम्बर को हुआ था। कोच अनस चौधरी ने बताया की चैम्पियनशिप में 12 से 13 राज्यो के लगभग 200 से 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों की मेहनत रंग लाई इंदिरपुरम और ई वन स्पोर्ट्स अकैडमी के सभी पदक विजेता को बाल दिवस के दिन सम्मानित किया गया।

## डीएम के साथ राजस्व प्राप्ति को लेकर आबकारी विभाग की बैठक

गाजियाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप डीएम राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आबकारी विभाग लगातार एक्शन में है। गाजियाबाद में राजस्व प्राप्तियों, प्रवर्तन कार्यों एंव मदिरा के उठान/उपभोग के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत को गई। बैठक में जनपद गाजियाबाद के अपराध निरोधक क्षेत्रों, थोक गोदाम एंव बांड में तैनात आबकारी निरीक्षक शामिल रहे। संयुक्त आबकारी आयुक्त द्वारा जनपद के प्रत्येक क्षेत्र की राजस्व प्राप्ति, देशी मदिरा, विदेशी मदिरा एंव बीयर के उठान तथा प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की गई। प्रत्येक आबकारी निरीक्षक को प्रभावी प्रवर्तन कार्य करते हुए मदिरा की कम उठान वाली दुकानों का निरीक्षण कर कम उठान के कारणों का पता लगाते हुए अधिकाधिक उठान कराने के निर्देश दिए गए। प्रवर्तन कार्यों एवं मदिरा उठान का प्रभावी अनुश्रवण कर शत प्रतिशत राजस्व लक्ष्य प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मीटिंग के पश्चात संयुक्त आबकारी आयुक्त द्वारा जनपद गाजियाबाद के मॉडल शॉप का निरीक्षण किया गया। उसके पश्चात संयुक्त आबकारी आयुक्त द्वारा जनपद गाजियाबाद के विदेशी मदिरा एंव बीयर के थोक अनुज्ञापनों का भी निरीक्षण किया गया एंव थोक अनुज्ञापनों पर सभी प्रचलित ब्रांडों का पर्याप्त स्टाक की उपलब्धता हेतु निर्देशित किया गया।

## भाला फेंक प्रतियोगिता में दीपांशु शर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र दीपांशु शर्मा ने गुवाहाटी, असम में हुए जूनियर राष्ट्रीय खेलों में भाला फेंक प्रतियोगिता में 69.28 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता है। दीपांशु शर्मा की इस कामयाबी पर विद्यालय परिसर में फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।




दीपांशु ने बताया कि उसका अगला लक्ष्य जूनियर एशियाड व वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में देश के लिए सोना जीतना है। विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी ने कहा दीपांशु ने छाया स्कूल का ही नहीं मोदीनगर और उत्तर प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। वह आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए कीर्तिमान रचेगा। स्कूल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अरुण त्यागी ने कहा कि दीपांशु, मोदीनगर के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है।

इससे नए बच्चों को खेलों में बढ ` का जोश और जज्बा पैदा होगा। दीपांशु की इस कामयाबी पर विधायक मंजू सिवाच, चेयरमैन अशोक महेश्वरी, समाजसेवी विनोद महेश्वरी, ब्लॉक प्रमुख सुचिता सिंह, मयंक शर्मा, पिंकल गुज्जर देवराज शर्मा डॉ. बबली गुर्जर, समेत शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई दी हैं और उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## छात्रों के दो गुटों के बीच हुए संघर्ष में एक तरफा कार्रवाई का आरोप

**गाजियाबाद** के मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित एसआरएम यूनिवर्सिटी के छात्रों के दो गुटों के बीच हुए संघर्ष में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने एक गुट का गेट बंद कर दिया। इसके विरोध में गुस्साए भाकियू से जुड़े किसानों ने गुरुवार को यूनिवर्सिटी का गेट बंद कर नारेबाजी करते हुए हंगामा काटा और वहीं धरना देकर बैठ गए। भाकियू के धरने से यूनिवर्सिटी प्रशासन में हड़कंप मच गया। उन्होंने किसानों को मनाने का काफी प्रयास किया, मगर आक्रोशित किसानों ने उनकी एक न सुनी। इससे बैकफुट पर आए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने छात्रों के दूसरे गुट पर भी कार्रवाई की। इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। 11 नवंबर को निवाड़ी थाना क्षेत्र स्थित एसआरएम यूनिवर्सिटी के छात्रों के बीच संघर्ष हो गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। बीते दिन एसआरएम यूनिवर्सिटी प्रशासन ने छात्रों के एक गुट का कैंपस में प्रवेश प्रतिबंध का नोटिस गेट पर चस्पा कर दिया। इसकी जानकारी जैसे ही छात्रों के दूसरे गुट को लगी तो आक्रोश पैदा हो गया। विरोध में भारतीय किसान यूनियन से जुड़े दर्जनों किसान वरिष्ठ नेता नेपाल काजमपुर और पप्पी नेहरा के साथ बुधवार सुबह दस बजे के आसपास सैकड़ों किसान एकत्रित होकर एसआरएम यूनिवर्सिटी पहुंचे और गेट पर नारेबाजी करते हुए धरना शुरू कर दिया। सूचना पर निवाड़ी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। करीब तीन घंटा तक धरना चला। एसएचओ ने बताया कि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा छात्रों के दोनों गुटों का प्रवेश प्रतिबंध करने पर किसान धरना समाप्त कर वापस लौट गए। इस अवसर पर ब्रह्मपाल सिंह,दीपक चौधरी,रवि गदाना,टीनू चौधरी,सुबोध और हरपाल आदि सहित दर्जनों मौजूद रहें।



# Editorial

## For India, leadership of the G20 is an important opportunity to make a concerted push for the global south

It was inevitable that the G20 summit would be overshadowed by Russia's invasion of Ukraine, and that the divisions over this conflict would resonate in the meeting. In terms of the size of their economies and their stage of development, the G20 is a diverse group. Most countries want to see Russia and Ukraine resolve the conflict at the talks table, and are alarmed that those that lecture others on diplomatic resolution continue to pour significant money and national energies into this war. No country wants this war, but not everyone is on the same page over an outright condemnation of Russia. This is why, as Prime Minister Joko Widodo of Indonesia said, the discussion of the conflict was the "most contentious" at the summit. Russian President Vladimir Putin did not attend the summit, and sent Foreign Minister Sergei Lavrov in his place, who lashed out at the assembly for politicising the war. Prime Minister Narendra Modi — whose advice to President Putin in September that "this is not the era of war" is said to have played a role in hammering out the joint declaration — underlined the challenges India will face during its presidency: "Geopolitical tensions, economic slowdown, rising food and energy prices, and the long-term ill-effects of the pandemic". He rightly stressed that peace and development were essential for people to reap the fruit of economic development. Modi has promised that India's leadership of the G20 will be "inclusive, ambitious, decisive, and action-oriented", hinting that Delhi is planning to push a global campaign for a sustainable lifestyle, LiFE (Lifestyle for Environment). The theme of India's G-20 chairmanship, as announced earlier this month, is "One Earth, One Family, One Future".

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# IPL 2023 Auction: Mumbai Indians need to target a death bowler, says Irfan Pathan



Former India all-rounder Irfan Pathan wants Mumbai Indians (MI) to rope in a quality death-over bowler in the IPL 2023 auction. Notably, Rohit Sharma's men struggled with the ball, as they leaked too many runs, especially during the slug overs in the IPL 2022.

Mumbai Indians had a terrible outing in the last edition of the Indian Premier League (IPL), finishing last in the league table. The team won just four out of their 14 matches. Their batters - Rohit Sharma, Ishan Kishan, and Kieron Pollard failed to turn up in the mega-season of the tournament, which had 10 teams instead of

"Last year, what I felt from their bowling department, with Jofra not being there, they really did not have that sharpness in their bowling, especially in the death overs. They kept going with Basil Thampi and Jaydev Unadkat as well, so definitely, even if Jofra and Jasprit Bumrah come back, they still need someone at the back end, at least for the sake of a replacement," Pathan said while speaking to Star Sports.

Pathan feels that if either Jasprit Bumrah or Jofra Archer aggravates their injury and misses a large portion of the season, Mumbai Indians need to make sure that they have a quality replacement available.

"If something goes wrong between Bumrah and Archer, they need someone who can bowl at the death. So, I really think they still need to look for a death bowler. It's very important because Jofra Archer's coming back from injury. Jasprit Bumrah is also returning from injury," Pathan added.

However, MI have already made a smart trade in the fast bowling department by bringing in Jason Behrendorff from RCB. Behrendorff has previously represented the Chennai Super Kings in 2021, Mumbai Indians in 2018, and Royal Challengers Bangalore in 2022. The left-arm quick has played 9 T20Is, taking 7 wickets with the best bowling performance of 4/21.

All 10 IPL franchises have been given a deadline of November 15 to submit their trades ahead of the mini-auction.

# Sachin Tendulkar makes international debut and plays his last Test innings 24 years later



On this day in 1989, legendary batter Sachin Tendulkar made his international debut. 24 years later, in 2013, Tendulkar played his final Test innings on the same day at the Wankhede stadium.

Tendulkar ended his career as the highest run scorer in international cricket, scoring a whopping 34,357 runs in 664 matches but it all started with a 24-ball 15 in Karachi.

At 16 years and 205 days, Tendulkar remains the youngest to play international cricket for India. The Master Blaster walked out to face a deadly Pakistan bowling attack consisting of Wasim Akram, Imran Khan and debutant Waqar Younis. It was a memorable day for Waqar as well, as he dismissed Tendulkar, who did not get to bat in the second innings as the match ended as a draw.

Tendulkar would go on to play a mind-blowing 200 Test matches and amass 15,291 runs with 51 centuries and 68 half centuries, maintaining an impressive average of 53.78. When it comes to one-day internationals, Tendulkar scored a whopping 18,426 runs with 49 centuries and 96 half centuries, at an average of 44.83 in 463 matches.

He played his final match in his home ground at the Wankhede stadium when India hosted the West Indies. Then India captain MS Dhoni won the toss and chose to bowl first, much to the dismay of the crowd. But India ended up bowling the West Indies out for just 182 runs with Pragyan Ojha picking up five wickets.

In the second innings, openers Shikhar Dhawan and Murali Vijay scored 77 runs in the first 13 overs before Shane Shilllingford dismissed both players in the same over.

# Neymar, Maquinihos fail to report for Brazil training on opening day due to flight delay



Brazil might be the top ranked team in the world and one of the most important squads in the history of world football, but even they cannot run everything smoothly at the FIFA World Cup 2022. Brazil star Neymar Jr. was at the centre of attention on 14 November at Doha, Qatar after the player failed to report on time for the team's first trining session. Reuters reported that Neymar and Marquinhos arrived late for the first day of World Cup training on Monday due to problems with their flight from Paris to Turin where Brazil are holding a five-day camp before flying to Doha.

All 26 players in the squad were due to report on Monday morning to the Juventus training facility but Neymar and Marquinhos, who play for Paris St Germain, were delayed because the aircraft had to be changed due to mechanical problems.

The pair arrived in the afternoon as coach Tite was running the first practice with light drills involving the 14 players in the squad who did not play for their clubs over the weekend.

Neymar and Marquinhos joined the other players in the gym at the end of the session.

According to Brazil's technical staff, the plan is to use the first two days in Turin to evaluate the physical condition of the players, managing the activity load.

They intend to hold the first full practice on the field on Wednesday.

# ATP World Tour Finals: Andrey Rublev pleads for peace after 3-set thriller vs Daniil Medvedev

25-year-old Russian Tennis star Andrey Rublev recieved a standing ovation at Pala Alpitour in Italy after he called for peace after his three-set thriller against countryman Daniil Medvedev. Playing his first match in the ATP Tour Finals, Rublev bested the former world number 1, 6-7,6-3,7-6 to clinch a thriller. Right after his victory, Rublev walked up to the camera and wrote, "Peace, Pace, Pace, All We Need" in bold letters This is not the first time that the player has used the tennis stage to spread the message amid a full blown war between Russia and Ukraine.

# 41 वें विश्व व्यापार मेले में यमुना प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश पवेलियन स्टॉल में पहुंचे सीएम योगी

**नई दिल्ली/ नोएडा।** दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे 41 वें विश्व व्यापार मेले में यमुना प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश पवेलियन में अपना स्टॉल लगाया है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना प्राधिकरण के स्टॉल का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने स्टॉल में प्रदर्शित परियोजनाओं का अवलोकन किया और यमुना प्राधिकरण की औद्योगिक विकास सहित सरकार की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को लेकर विस्तार से जानकारी ली।



यमुना प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी रविन्द्र सिंह (एसीईओ) ने मुख्यमंत्री योगी का स्वागत करते हुए प्राधिकरण की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री के दिल्ली आगमन से पूर्व बुधवार सुबह मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल और यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. अरुणवीर सिंह नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट साइट पर पहुंचे और एयरपोर्ट के निर्माण कार्य की अब तक की प्रगति की समीक्षा की।

## आईटीएस में एमबीए प्रतिभागियों के लिए मेरिट एंड परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट अवार्ड सेरेमनी



**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस में मंगलवार को एमबीए (2021-23) प्रतिभागियों के लिए संस्थान के चाणक्य ऑडिटोरियम में मेरिट एंड परफोर्मेंस इम्प्रूवमेंट अवार्ड सेरिमनी का आयोजन किया गया। निदेशक प्रो. (डॉ.) वी.एन. वाजपेई, आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की निर्देशिका डा तिमिरा शुक्ला एवं चेयर पर्सन डॉ सुनील कुमार यादव द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। सर्व प्रथम डॉ. प्रो. (डॉ.) वीएन बाजपेई ने अतिथियों, प्रतिभगियों तथा छात्रों के अभिभावकों का स्वागत किया। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा द्वारा प्रारंभ कराये गये मेरिट एंड इम्प्रूवमेंट अवार्ड की बहुत ही सराहना की। साथ ही इससे होने वाले दूरगामी परिणाम एवं अनुकूल और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण की सम्भावना व्यक्त की। डॉ सुनील कुमार यादव ने अवार्ड सेरेमनी के मुख्य उद्देश्यों एवं कार्यक्रम के रूप रेखा पर प्रकाश डाला। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा सफल प्रतिभागियों को शुभकामनाए दी। वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने छात्रों को निरंतर गति से आगे बढे की प्रेरणा दी तथा उचित मानवीय गुण विकसित कर एक संतुष्ट और सफल व्यक्ति बनने हेतु प्रोत्साहित किया।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 900 छात्र छात्राओं ने लिया हिस्सा



**गाजियाबाद।** मोदीनगर के डॉक्टर केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में बुधवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा 6 से कक्षा 12 तक लगभग 900 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से संपन्न हुई। विद्यालय में प्रतिवर्ष यह परीक्षा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित होती है। इस परीक्षा को निरंतर प्रतिवर्ष कराए जाने के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा संपन्न कराने में विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक आरके सिंह और उनके सहयोगी संजीव चौधरी गौरव त्यागी का सहयोग सराहनीय था। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति को पोषण प्रदान करें। साथ ही उनके विकास में यह परीक्षा कई वर्षों से निरंतर अपनी एक महत्त्व पूर्ण भूमिका अदा कर रही है। डॉ. एके जैन ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यार्थियों के अंदर समाज निर्माण व राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ सांस्कृतिक तथा नैतिक मूल्यों का विकास और भारतीय संस्कृति का उत्थान एवं पोषण करना है। रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव वर्मा ने बताया कि इस विद्यालय के छात्र जनपद व मंडल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं विज्ञान प्रदर्शनी व खेल में स्थान प्राप्त करते हैं। स्कूल में हिंदी व अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं 6 से 12 का चलती हैं। अंग्रेजी माध्यम के छात्र स्मार्ट क्लास में प्रोजेक्टर व पैनल की सहायता से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस परीक्षा को संपन्न कराने में मुख्य रूप से राजीव वर्मा, सुधीर शर्मा, लाल मोहन सिंह, अजय कुमार, नीता शर्मा, विरेंद्र कुमार, सीमा सिंह, वर्षा रानी, आनंद लाल यादव, बलराम सिंह, बालकृष्ण, रितेश कुमार, राजीव कुमार, अखिलेश मौर्य, रोमा देवी, शैल सुता उपाध्याय, ममता गिरी आदि ने सराहनीय कार्य किया।






# देसी गर्ल प्रियंका ने एक्टर्स की मेहनत और काम को लेकर बेहद शॉकिंग बयान, खूब चर्चा

प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड की सबसे दमदार एक्ट्रेस में से एक है। केवल इंडियन ही नहीं बल्कि इंटरनेशनल फिल्म इंडस्ट्री में भी प्रियंका की एक्टिंग को बेहद पसंद किया जाता है। हाल ही में देसी गर्ल प्रियंका ने एक्टर्स की मेहनत और काम को लेकर बेहद शॉकिंग बयान दिया, जो खूब चर्चा में है।

दरअसल प्रियंका ने कहा कि उनका मानना है कि एक्टर्स को उनके काम से ज्यादा क्रेडिट दिया जाता है। वो किसी दूसरे की स्क्रिप्ट पर काम करते हैं, दूसरे लोग उन्हें तैयार करते हैं। उनका काम सिर्फ किसी भी रोल को निभाना होता है। बता दें कि कि कुछ दिनों पहले प्रियंका वेकेशन मनाने के लिए इंडिया आई थी। तब उन्होंने अपने हेयर केयर ब्रांड को लॉन्च किया था। लॉन्च के दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि उन्हें देश-विदेश के बड़े डायरेक्टर के साथ काम करके कैसा लगा? इस पर प्रियंका ने कहा- मैंने बड़े-बड़े डायरेक्टर के साथ काम जरूर किया है, लेकिन सभी ने मुझे बस यही सिखाया है कि बेस्ट एक्टर कैसे बनना चाहिए? जब भी हम कोई फिल्म या वेब सीरीज रिलीज होती है और परफॉर्म करती है, तो इसका सारा क्रेडिट एक्टर्स को ही मिलता है।

लेकिन एक्टर का काम सिर्फ स्क्रिप्ट पढ़कर किरदार में जान डालना होता है। अपने रोल को पर्दे पर अच्छी तरह से निभा सके। इसके अलावा एक्टर कुछ भी नहीं करता है। सारा काम राइटर्स, डायरेक्टर, कोरियोग्राफर, मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट का भी होता है।



### कुछ भी नहीं करते हैं एक्टर्सः प्रियंका

प्रियंका आगे कहती हैं कि मैंने बड़े-बड़े एक्टर्स के साथ काम किया है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। जब मैं बॉलीवुड का हिस्सा थी, तब भी डायरेक्टर्स मुझे हमेशा एक अच्छा एक्टर बनाना चाहा। हम एक्टर्स को बहुत क्रेडिट देते हैं, जो कि नहीं देना चाहिए। एक्टर्स कुछ भी नहीं करते हैं, वो सिर्फ दिया हुआ रोल निभाते हैं। एक्टर्स जो स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, उसे कोई राइटर लिखता है। उन स्टेप्स पर डांस करते हैं, जिसे कोई दूसरा कोरियोग्राफ करता है। हम किसी और की लिखे शब्द बोलते हैं, किसी दूसरे की स्क्रिप्ट पर काम करते हैं। लिप सिंक करके गाने गाते हैं, जो किसी और की आवाज होती है। हम फिल्म की मार्केटिंग भी करते हैं, तो वहां पर भी कोई दूसरा हमसे सवाल करता है। हम कपड़े भी किसी के द्वारा डिजाइन किए पहनते हैं, मेकअप कोई दूसरा करता, हेयर कोई और करता है। तो मैं क्या कर रही हूं? कुछ भी तो नहीं।

प्रियंका ने आगे कहा-' मेरा काम सिर्फ इतना है कि स्क्रिप्ट में जो लिखा है, उस किरदार को पढ़कर पर्दे पर सही ढंग से निभाऊं। तो मेरा काम एक्शन और कट के बीच का है, बस। उस 30 सेकंड के सीन में मैं आती हूं। इंटरव्यू के टाइम में पूरी फिल्म के बारे में बात करती हूं। देखा जाए तो फिल्म में रोल निभाने का प्रेशर बहुत ज्यादा होता है। आप बतौर एक्टर क्या है, इसे एक्सेप्ट करने के लिए बहुत मेहनत लगती है। हर एक्टर एक्टिंग नहीं कर सकता है और अगर वह नहीं कर पा रहा है तो उसे वह एक्सेप्ट करना चाहिए। प्रियंका वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा के जल्द ही लव अगेन में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा हॉलीवुड फिल्म ऑल कमिंग बैक टू मी में भी प्रियंका मुख्य भूमिका निभाएंगी। वहीं प्रियंका बॉलीवुड में भी लंबे समय बाद वापसी कर रही हैं। वो कटरीना कैफ और आलिया भट्ट स्टारर जी ले जरा में नजर आएंगी।

## एफआईआर रद्द कराने के लिए सनी लियोनी ने खटाखटाया कोर्ट का दरवाजा

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने खुद पर दर्ज एक एफआईआर को रद्द कराने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक्ट्रेस ने केरल हाईकोर्ट का रुख किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सनी पर स्टेट पुलिस की क्राइम ब्रांच विंग ने चार वर्ष पहले एफआईआर दर्ज की थी। सनी लियोनी पर आरोप है कि कोझिकोड में एक स्टेज परफॉर्मेंस के लिए हुए कॉन्ट्रैक्ट का उन्होंने उल्लंघन किया। इसी सिलसिले में सनी ने खुद पर दर्ज एफआईआर को रद्द किए जाने की मांग की है। अपनी याचिका में सनी लियोनी ने खुद पर, अपने पति डेनियल वेबर और कर्मचारी के ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया है कि वह किसी भी किस्म के अपराध में लिप्त नहीं थे। सनी



लियोनी का कहना है कि उन्हें एक परेशानी में डाल दिया गया है। सनी के मुताबिक उन्हें इस मुकदमे की लंबी प्रक्रिया के दौरान काफी नुकसान हुआ है, जबकि उनके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक क्राइम ब्रांच उस मामले की जांच कर रही है, जो एनार्कुलम जिले में शियास कुन्हुमोहम्मद नाम के शख्स की शिकायत पर दर्ज किया गया।

## कोरियन लड़की पर चढ़ा 'श्रीवल्ली' का खुमार

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पाः द राइज' को दर्शकों का बेशुमार मिला था और बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने धमाल मचा दिया था। फिल्म की रिलीज को काफी समय हो चुका है, लेकिन आज भी लोगों में इसकी दीवानगी देखने को मिल जाती है। फिल्म के गानों को लोगों ने इतना पसंद किया है कि आज भी ये लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देते हैं। वहीं, अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक कोरियन लड़की अल्लू अर्जुन के रंग में रंगी नजर आ रही है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर कोरियन लड़की ने 'पुष्पा' के गाने "तेरी झलक शर्फी श्रीवल्ली' पर डांस करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इसमें लड़की टीवी के सामने डांस कर रही है और पीछे अल्लू अर्जुन



का 'तेरी झलक शर्फी' गाना चल रहा है। वीडियो में लड़की अल्लू अर्जुन की तरह ही कपड़े पहनकर तैयार हुई है और उनका डांस स्टाइल भी पूरी तरह कॉपी कर रही है। सोशल मीडिया पर कोरियन लड़की के डांस की जमकर तारीफ हो रही है। कोरियन लड़की की इस वीडियो को एक इंस्टाग्राम अकाउंट पर काफी महीनों पहले शेयर किया गया है, लेकिन अब यह वीडियो वायरल हो गया है। इस वीडियो को अभी तक तीन लाख 33 हजार से ज्यादा बार देखा जा चुका है। एक यूजर ने कमेंट किया, 'कोरियन भारतीयों के प्रति बेहद आकर्षित हैं और इसलिए वह भारत को उतना ही प्यार करते हैं जितना कोरिया को करते हैं।' वहीं, कई लोग कोरियन लड़की से भारत आने की भी गुजारिश कर रहे हैं।

बता दें कि 'पुष्पाः द राइज' को पैन इंडिया लेवल पर रिलीज किया था। फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और अब वह इसके दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन की जोड़ी को लोगों ने काफी प्यार दिया था। वहीं, अब फिल्म के दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू हो चुकी और अब जल्द फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है।

## जड़ी बूटिया बुखार-खांसी-जुकाम और आंखों की रोशनी और भूख बढ़ाएगी

ऐसी कई जड़ी-बूटियां हैं, जो रोगों से लड़ने में फायदेमंद हैं। उन्हीं में से एक चिरायता भी है। स्वाद कड़वा होने की वजह से कई लोग इसका सेवन नहीं करते। लेकिन, यह जितना कड़वा है, रोगों से लड़ने में उतना ही फायदेमंद है। आयुर्वेदाचार्य डॉ. सिद्धार्थ सिंह से जानते हैं चिरायता के गुणों के बारे में।

आयुर्वेद में चिरायता को उत्तम औषधि माना गया है। कई रोगों में इसका उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है। चिरायता मार्केट में आसानी से मिल जाता है। इसकी जड़ से लेकर पत्ते तक बहुत लाभकारी हैं। चिरायता का इस्तेमाल सालों से हेपेटाइटिस, सूजन और डाइजेशन के लिए किया जाता है।



### ब्लड शुगर

चिरायता ब्लड शुगर लेवल को कम करने में लाभदायक है। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन की ओर से पब्लिश एक रिसर्च पेपर में भी इस बात का जिक्र है। शोध के मुताबिक, चिरायता में अमारोगेंटिन बायोएक्टिव कंपाउंड होता है। यह कंपाउंड एंटी-डायबिटिक प्रभाव दिखाता है। इसी वजह से माना जाता है कि चिरायता ब्लड शुगर को कम कर सकता है।

### बुखार-खांसी-जुकाम

चिरायता से खांसी, बुखार और जुकाम का घरेलू इलाज किया जा सकता है। दरअसल, यह सारी दिक्कत वायरल इंफेक्शन की वजह से होती हैं। ऐसे में चिरायता में मौजूद एंटी-वायरल गुण फायदेमंद हो सकते हैं। चिरायते की जड़ से खांसी, बुखार और जुकाम से राहत मिलती है।

कोरोना की वजह से भी बुखार और खांसी जैसे लक्षण नजर आते हैं। इन सभी लक्षणों को ठीक करने में चिरायता मदद कर सकता है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से चिरायता का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

### भूख बढ़ाए

चिरायता का इस्तेमाल भूख बढ़ाने के लिए भी किया जाता है। एक रिसर्च पेपर में लिखा है कि यह पित्त यानी बाइल के स्राव को बढ़ाता है, जिससे भूख बढ़ती है। इसी वजह से वर्षों से चिरायता का उपयोग भूख बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

### मलेरिया

पारंपरिक तौर पर चिरायता का प्रयोग मलेरिया के बुखार से बचाव के लिए भी किया जाता रहा है। चिरायता में स्वेरचिरिन नामक तत्व होता है, जो एंटी-मलेरिया की तरह काम कर सकता है। इस प्रभाव के कारण मलेरिया और उससे संबंधित लक्षणों से राहत मिल सकती है। इसके लिए चिरायते का इस्तेमाल काढ़े के रूप में किया जा सकता है।

### आंखों की रोशनी बढ़ाए

चिरायता को आंखों का टॉनिक कहा जाता है, इसलिए आंखों के स्वास्थ्य के लिए चिरायता का सेवन करने की सलाह दी जाती है। विटामिन-सी आंखों की रोशनी बेहतर रखने और उम्र से संबंधित आंखों की बीमारियों से बचाव कर सकता है। वहीं, चिरायता के पौधे में भी विटामिन-सी होता है। इसी वजह से चिरायता को आंखों के लिए फायदेमंद माना जाता है।

### पेट के कीड़े

चिरायता में एंथेल्मिंटिक असर होता है। यह एक तरीके का एंटीपैरासिटिक गुण होता है, जिससे पेट और आंतों में होने वाले कीड़ों को नष्ट करने में मदद मिल सकती है। इसी वजह से पेट के कीड़ों को मारने के तरीके के तौर पर इस जड़ी-बूटी को उपयोग किया जाता है।

# एम्स में अगले सप्ताह से आभा नंबर से हो सकेगा ओपीडी पंजीकरण




**नई दिल्ली।** एम्स में इलाज के लिए आने वाले समय में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अकाउंट (आभा) नंबर का इस्तेमाल अनिवार्य हो सकता है। एम्स प्रशासन ने आदेश जारी किया है कि अगले सप्ताह सोमवार से नए ओपीडी ब्लाक में आभा नंबर की मदद से ओपीडी पंजीकरण होगा। इसका मकसद डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत इलाज में 14 नवंबर वाले इस आभा नंबर के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। इसके इस्तेमाल से ओपीडी पंजीकरण में समय कम लगेगा। इसलिए मरीजों का ओपीडी पंजीकरण जल्दी हो सकेगा। लिहाजा, एम्स मे ओपीडी पंजीकरण को लिए लगने वाली लंबी लाइनें भी कम होंगी। इससे मरीजों का इलाज भी आसान होगा। इसलिए नए साल में एम्स के सभी सेंटरों की ओपीडी में इसे मिशन के रूप में लागू किया जाएगा।

मौजूदा समय में एम्स में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को एक विशेष स्वास्थ्य पहचान नंबर (यूएचआइडी) दिया जाता है। ओपीडी पंजीकरण के दौरान नए मरीजों को अपना नाम, पिता का नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज कराना पड़ता है। एम्स के प्रशासनिक विभाग के डाक्टर कहते हैं कि मौजूदा प्रक्रिया के तहत एक मरीज के ओपीडी पंजीकरण में औसतन दो मिनट समय लगता है। आभा नंबर के साथ मरीज का का नाम, पता, मोबाइल नंबर इत्यादि पहले दर्ज रहेगा। इसलिए पंजीकरण जल्दी हो सकेगा। एम्स का यूएचआइडी भी आभा नंबर से जुड़ा होगा। लेकिन आगे चलकर आभा नंबर से ही मरीजों का इलाज होगा। ऐसे में यूएचआइडी की खास जरूरत नहीं रहेगी। एम्स के ओपीडी ब्लाक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य आथोरिटी द्वारा विकसित क्यूआर कोड जगह-जगह लगा रहेगा। एम्स पहुंचने पर मरीज को अपने स्मार्ट फोन से क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। इसके बाद पर्सनल हेल्थ रिकार्ड (पीएचआर) एप के माध्यम से अपनी जानकारी अस्पताल से आनलाइन साझा करना होगा। यह प्रक्रिया पूरी होते ही ओपीडी काउंटर पर अस्पताल के सिस्टम पर मरीज की जानकारी उपलब्ध हो जाएगी और एप के माध्यम से मरीज के मोबाइल पर टोकन उपलब्ध होगा। जिस पर यह जानकारी उपलब्ध होगी कि मरीज का ओपीडी पंजीकरण कितने नंबर काउंटर पर होगा। काउंटर पर टोकन का नंबर प्रदर्शित होने पर मरीज को पंजीकरण के लिए काउंटर पर जाना होगा। तब तक वेटिंग एरिया में अपनी बारी का इंतजार करना होगा। जिन मरीजों के पास स्मार्ट फोन नहीं है या जो लोग स्वयं आभा नंबर नहीं बना सकते उन लोगों की सुविधा के लिए एम्स में सुबह सात बजे से रात दस बजे तक विशेष काउंटर संचालित किया जाएगा। जहां जरूरतमंद लोग अपना आभा नंबर बनवा सकेंगे।

## दिल्ली हाई कोर्ट में कालकाजी मंदिर को ऐतिहासिक धरोहर घोषित करने की मांग




**नई दिल्ली।** प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम के तहत कालकाजी मंदिर को ऐतिहासिक धरोहर घोषित करने की मांग को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर हुई।याचिका पर केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने सरकार को याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर लेकर आठ सप्ताह में निर्णय लेने का आदेश दिया।

केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुई स्टैंडिंग काउंसल मोनिका अरोड़ा ने अदालत को बताया कि अधिनियम की धारा-3 और चार के तहत इस तरह का निर्णय संबंधित प्राधिकरण द्वारा लेना है। इस पर पीठ ने केंद्र सरकार को मामले में आठ सप्ताह में निर्णय लेने का आदेश देते हुए याचिका का निपटारा कर दिया। याचिकाकर्ता आशीष भारद्वाज ने कहा है कि जिस तरह से कुतुबमीनार, ताजमहल समेत अन्य को ऐतिहासिक धरोहर घोषित किया गया है और इसका रखरखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है, वैसे ही प्राचीन कालकाजी मंदिर को भी ऐतिहासिक धरोहर घोषित किया जाए।

## भाजपा का आरोप, जैन को जेल में मिल रही विशेष सुविधाएं



नई दिल्ली। भाजपा ने आरोप लगाया है कि तिहाड़ जेल में सत्येंद्र जैन को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सरकार अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रही है, इसलिए उन्हें तुरंत किसी अन्य जेल में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। उसी जेल में बंद ठगी के आरोपित सुकेश चंद्रशेखर ने जैन के साथ ही मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रेस वार्ता में पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि लग रहे गंभीर आरोपों के कारण दिल्ली सरकार को जांच के आदेश देने पड़े हैं। जेल अधीक्षक अजीत कुमार का निलंबन और जेल महानिदेशक संदीप गोयल को हटाने से यह साफ हो जाता है कि जेल प्रशासन दिल्ली सरकार के दबाव में जैन को सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके भ्रष्टाचार में शामिल है।

## निगम चुनाव से पहले ही भाजपा के छह जिला अध्यक्ष बदले गए

**नई दिल्ली।** सांसदों व नेताओं के विरोध के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता को नए जिला अध्यक्षों की सूची में संशोधन करना पड़ा है। उन्होंने मंगलवार को छह नए जिला अध्यक्षों की संशोधित सूची जारी कर दी है। आजाद सिंह सहित तीन नेता जिला अध्यक्ष की कुर्सी प्राप्त करने से वंचित रह गए।

भाजपा ने चार जिला अध्यक्षों को चुनाव मैदान में उतारा है। इसके साथ ही दो जिला अध्यक्षों के पत्नियों को टिकट दिया गया है। इससे संबंधित जिला अध्यक्ष एक वार्ड में सीमित हो गए हैं। पूरे जिले में चुनावी काम बाधित न हो इसे ध्यान में रखकर प्रदेश अध्यक्ष ने 13 नवंबर की मध्य रात्रि को ट्वीट कर छह नए जिला अध्यक्षों के नाम घोषित किए थे। कुलदीप सिंह, मनोज त्यागी, दीपक गाबा, आजाद सिंह, सुनील मित्तल और रमेश शोखदां को अलग-अलग जिलों की कमान दी गई थी। उस सूची से कई सांसद व नेता नाराज थे। उनके विरोध को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कुछ घंटों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को रद करने की घोषणा कर दी थी। मंगलवार को जारी नई सूची में से दीपक गाबा, आजाद सिंह व सुनील मित्तल के नाम हटा दिए गए हैं। दावा किया जा रहा है कि सांसदों व प्रदेश पदाधिकारियों से चर्चा करने के बाद नए जिला अध्यक्षों के नाम घोषित किए गए हैं। अब इनके ऊपर अपने जिले में नेताओं की गुटबाजी को समाप्त कर पार्टी को जीत दिलाने की जिम्मेदारी है।

## गाजियाबाद में डेंगू से टूटा रिकार्ड, इस साल 737 मरीज मिले

**गाजियाबाद।** डेंगू से गाजियाबाद में पहली मौत हुई है। सोमवार को प्रहलाद गढ़ी के रहने वाले सफाई कर्मचारी चंद्रपाल के 15 वर्षीय किशोर मनोज को गंभीर हालत में प्रेमधर्म अस्पताल में भर्ती कराया था। मृतक के चाचा बबलू ने बताया कि मनोज को पांच दिन से तेज बुखार था। दो दिन पहले वसुंधरा स्थित कृष्णा अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया।

वहां पर हालत बिगड़ गई तो प्रेम धर्म अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बबलू ने बताया कि सोमवार को चिकित्सकों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। देर शाम को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बबलू ने बताया कि मनोज की जांच कराने पर डेंगू की पुष्टि हुई थी।

उधर जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता का कहना है कि मृतक मनोज को डेंगू नहीं था। स्वास्थ्य विभाग इस मौत को छिपाने का हरसंभव प्रयास कर रहा है। दोनों निजी अस्पतालों पर भी इस संबंध में सख्ती की जा रही है। खास बात यह है कि बुखार से मौत बता रहे विभाग के एक भी अधिकारी ने मृतक के घर जाकर जांच तक नहीं की है। अब तक शून्य से 14 वर्ष के 158 और 15 से 20 वर्ष के 138 लोगों को डेंगू हो चुका है।

### इन इलाको में बढ़े डेंगू के मरीज

मकनपुर 178, साहिबाबाद 104, विजयनगर 71, राजनगर 41, दीनदयालपुरी 37, डासना 33, लोनी 11, हरसांव 33, अर्थला 15, शालीमार गार्डन 15, शास्त्रीनगर 29, दौलतपुरा 16, वसुंधरा 29, हिंडन विहार 17, घूकना 11, बीएस औद्योगिक क्षेत्र 9, कैला भट्टा 10, कोट गांव 28, भोपुरा 5, मुरादनगर 24, कड़कड़ माडल 9 आदि मरीज मिले हैं, जिनमें डेंगू की पुष्टि हुई है।

## सिलिंडरों से गैस चोरी करना आसान नहीं, इस नई तकनीक से पकड़े जाएंगे वेंडर




**नोएडा।** अब वेंडर सिलेंडर से एलपीजी चोरी नहीं कर पाएंगे। एलपीजी की टेस्टिंग करने वाली एजेंसी एलपीजी इक्विपमेंट रिसर्च सेंटर बेंगलूरू की ओर से नई तकनीक विकसित की गई है, जिसमें सिलेंडर उल्टा कर गैस निकालने की कोशिश करने पर भी गैस नहीं निकलेगी। इंडेन, भारत गैस और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनियों की संयुक्त टेस्टिंग और रिसर्च संस्था बेंगलूरू में एलपीजी इक्विपमेंट रिसर्च सेंटर है। सेंटर के मुख्य प्रबंधक संतोष गुप्ता ने बताया कि सिलिंडरों से एलपीजी चोरी की शिकायतों के निवारण के लिए संस्था प्रयास कर रही थी। शिकायतें मिलती थीं कि खाली सिलेंडर के ऊपर नोजल लगाकर भरा सिलेंडर रखकर गैस चुरा ली जाती है। इसके निवारण के लिए अब ऐसी तकनीक विकसित की गई है कि जिससे सिलेंडर उल्टा करते ही गैस जाना बंद हो जाएगी। जल्द ही यह परीक्षण पूरा कर इसको एलपीजी कंपनियों को दे दिया जाएगा। इससे सिलिंडरों से गैस चोरी करना आसान नहीं रह जाएगा। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में मंगलवार को एलपीजी वीक-2022 का शुभारंभ हुआ। शाम पांच बजे आईओसीएल के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य ने एक्सपो का दौरा किया। इस दौरान देश और विदेश से लगभग 80 कंपनियों ने स्टॉल लगाए हैं। बुधवार को एक्सपो में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप एस पुरी के आने का कार्यक्रम है, वह एक्सपो का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। घरों में आने वाली एलपीजी सिलिंडर में अक्सर लीकेज की शिकायत आती है। इस समस्या का समाधान करने के लिए एजेंसियों के कर्मियों को एक लीक टेस्टर दिया जाएगा। इसको सिलेंडर के ऊपर लगाने पर सिलेंडर की लीकेज बता देगा। एलपीजी इक्विपमेंट रिसर्च सेंटर बेंगलूरू ने इस उपकरण को बनाया है।

# रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन ने टीबी के मरीजों को बांटा पुष्टाहार





***पेज एक का शेष भाग.....***

आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि पीएम मोदी ने देश को टीबी रोग से मुक्त करने के लिए मार्च 2025 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। 17 सितंबर से उनके जन्मदिन पर टीबी उन्मूलन के लिए जन-भागीदारी का अभियान प्रारम्भ हुआ है। इसी क्रम में रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन का टीबी से ग्रसित मरीजों को पौष्टिक आहार किट बांटने का अभियान जारी है। रो कुनिका भार्गव ने कहा कि आगे भी आरएचएएम फाउंडेशन के साथ मिलकर मरीजों को पौष्टिक आहार किट बांटने का अभियान जारी रहेगा। डीटीओ डा सिरीश जैन और सीएचसी प्रभारी डा सचिन ने रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन के अभियान को सराहा। अभियान में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव, रो अमिता महेंद्रु, रो अपूर्व राज, सुनील मल्होत्रा, राकेश मित्तल, पवन रस्तौगी, आदि ने मुख्य भूमिका निभाई। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट हास्पिटल की टीबी टीम से पवन भाटी, आलोक कुमार, देवेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहें।



पुष्टाहार उच्च प्रोटीन युक्त है। इसके सेवन से मरीजों को टीबी के खिलाफ लड़ाई में मदद मिलेगी। इसके अलावा क्षय रोगियों को नियमित रूप से दवा खाते रहने और अपने सभी परिजनों की टीबी जांच कराने के लिए आगे आना चाहिए।

**रो जेके गौड़, पीडीजी**



रोटरी क्लब और आरएचएएम का अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक शत प्रतिशत लोग टीबी की बीमारी से मुक्त न हो जाए। इसलिए लोगों से अपील है कि वह पौष्टिक आहार किट का सेवन अवश्य करें। इससे मरीजों के शरीर में बीमारी से लड़ने की शक्ति अवश्य आएगी।

**रो अमिता महेंद्रु**

रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन और आरएचएएम फाउंडेशन राष्ट्र को समर्पित हैं। रोटरी क्लब ने कोरोना महामारी के बीच वैक्सीनेशन अभियान में भी मुख्य भूमिका निभाई थी। अब दोनों संस्थाएं टीबी मुक्त अभियान में सहयोग कर रही हैं।

**सीएचसी प्रभारी डा सचिन**

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के 24 वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन...





***पेज एक का शेष भाग.....***

उन्होंने कहा कि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन कर जहां युवाओं को योग्य जीवन साथी मिलने का सपना साकार हुआ है वही पर संस्था देश और समाज के योगदान में भी अपना पूरा योगदान दे रही है। विशिष्ट अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक के के शर्मा, तरू ण मिस्रा, मुख्य संयोजक आदेश शर्मा, समाजसेवी डॉ धीरज कुमार भार्गव. रविंद्र नाथ पांडेय, शशि भारद्वाज, सुभाष शर्मा, कुलदीप शर्मा, गणेश चंद्र शर्मा, आदेश शर्मा, करण शर्मा, बिजेंद्र कुमार शर्मा, कमल कुमार शर्मा, सुमित शर्मा, संजय शर्मा, निखिल शर्मा, प्रदीप गौड, विशाल शर्मा, तुषार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# निगम की कार्यकारिणी बैठक में पार्षद-अधिकारी आमने-सामने, जमकर हंगामा

**गाजियाबाद।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें जमकर हंगामा हुआ। पार्षदों ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब दीपावली के अवसर पर सड़कों पर अंधेरा छाया रहा और वार्डों में स्ट्रीट लाइट तक नहीं लगाई गई। उधर, नगर आयुक्त ने कहा कि हमें सूचना है कि कुछ पार्षदों ने स्ट्रीट लाइट को अपने पास स्टोर कर रखा है। जिस कारण समस्या आ रही है तो पार्षदों ने इसकी जांच कराने के लिए कहा। कार्यकारिणी की बैठक से पहले शहर की समस्याओं पर चर्चा की गई। पार्षद जाकिर अली सैफी ने महापौर आशा शर्मा को संबोधित करते हुए कहा कि आज वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जन्मतिथि है, दोनों ने देश की प्रगति के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। आप भी कुछ ऐसा करो की भ्रष्टाचार पर लगाम लग जाए। नगर निगम से भ्रष्टाचार पूरी तरह से समाप्त हो सके। महापौर ने कहा कि भ्रष्टाचार के संबंध में पार्षद साक्ष्य उपलब्ध कराएं, संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी। गाजियाबाद नगर निगम पर आर्थिक संकट मंडरा रहा है।



कार्यकारिणी की बैठक शुरू होने पर नगर आयुक्त डा. नितिन गौड़ ने बताया कि नगर निगम के पास 2022-2023 में प्रारंभिक अवशेष 452 करोड़ रुपये थे, इस साल अब तक 948 करोड़ रुपये की आय विभिन्न मदों से हुई है। जबकि इनमें से 1,344 करोड़ रुपये अब तक खर्च हो चुके हैं। 56 करोड़ रुपये बचे हैं, इनमें से भी 43 करोड़ रुपये नगर निगम म्यूनिसिपल बांड में खर्च किए जाएंगे। महज 13 करोड़ रुपये बचेंगे, जबकि नगर निगम के पास 20 करोड़ रुपये का फंड होना चाहिए। जिससे कि सैलरी, नजारत सहित अन्य कार्य हो सकें। इस वजह से अभी विकास कार्य कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 15वें वित्त आयोग से 122 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जिनसे साफ-सफाई सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। बोर्ड बैठक में एलिवेटेड रोड को नगर निगम द्वारा टेकओवर कर लिए जाने पर भी सवाल उठाया गया। पार्षद जाकिर अली सैफी ने कहा कि एलिवेटेड रोड को नगर निगम के टेकओवर करने का प्रस्ताव न तो कार्यकारिणी की बैठक में न ही बोर्ड बैठक में लाया गया, बिना पार्षदों की सहमति के ही इसे नगर निगम ने टेकओवर कर लिया। यह जनता द्वारा चुने गए पार्षदों और सदन का अपमान है, इस पर महापौर आशा शर्मा ने नगर आयुक्त से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि पूर्व नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर के कार्यकाल में ऐसा हुआ है। टेकओवर को रद कराने के लिए वह जीडीए को पत्र लिखेंगे। वहीं, स्वदेशी कंपाउंड को भी बिना कार्यकारिणी और बोर्ड की स्वीकृति के टेकओवर न करने के लिए पार्षदों ने निगम अधिकारियों से कहा है।

# गाजियाबाद डासना जेल में एचआइवी के 140 नए मरीज मिले

**गाजियाबाद।** डासना स्थित जिला कारागार में ह्यूमन इम्यूनोडेफिसिएंसी वायरस (एचआइवी, ल्क्ब्) संक्रमित बंदियों की संख्या 140 पहुंच गई है। बीते 10 दिन में चार नए एचआइवी संक्रमित जेल में पहुंचे हैं। बृहस्पतिवार को वाट्सएप ग्रुपों पर एक संदेश प्रसारित हुआ कि जेल में एचआइवी के 140 नए मरीज मिले हैं, जिससे शासत तक हड़कंप मच गया। इसके बाद जेल अधीक्षक आलोक सिंह को स्पष्टीकरण देना पड़ा। उन्होंने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को लिखे पत्र में बताया कि ये मरीज एक दिन, माह या साल में नहीं मिले हैं, बल्कि यह जेल में बंद कुल एचआइवी संक्रमित की संख्या है और ये पहले से ही जेल में हैं।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.